
हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर
# केशववाणी

**अनमोल वचन**
*जीवन में कभी भी संघर्ष से डरना नहीं चाहिए, क्योंकि संघर्ष ही जीवन का सार है, इसके बिना कोई भी सफलता संभव नहीं है।*

गुरुवार 02 जुलाई 2026 बर्ष 02 अंक 172 पृष्ठ 5 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

## बिहार विधान परिषद के 10 नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ, समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

### सभापति अवधेश नारायण सिंह ने दिलाई शपथ, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दी शुभकामनाएं

**केशववाणी पटना(बिहार)।** बिहार विधान परिषद के उप भवन सभागार में बुधवार को नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समारोह में शामिल हुए और नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। शपथ ग्रहण समारोह में बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने नवनिर्वाचित 10 विधान पार्षदों को सं. विधान के प्रति निष्ठा, पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले सदस्यों में निशांत, ललन प्रसाद, अनिल ठाकुर, अशरफ अंसारी, पवन सिंह, डॉ. भारती मेहता, श्रीमती शिवरानी देवी, श्रीमती शीला पंडित, संजय प्रकाश एवं डॉ. सुनील कुमार सिंह शामिल हैं। समारोह के दौरान नवनिर्वाचित विधान पार्षदों ने संविधान के प्रति पूर्ण निष्ठा रखते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी सदस्यों का अभिवादन करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में विधान परिषद




की महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी नवनिर्वाचित सदस्य जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सदन में उठाते हुए राज्य के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।शपथ ग्रहण समारोह में राज्य सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि, विधान परिषद के सदस्य, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोग भी उप. स्थित रहे। पूरे समारोह के दौरान गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

## हिलसा अनुमंडल कार्यालय में 22 हजार रुपये रिश्वत लेते प्रधान सहायक व निजी मुंशी गिरफ्तार



**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट हिलसा(नालंदा)।** नालंदा जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए हिलसा अनुमंडल कार्यालय की विधि शाखा के प्रधान सहायक नीलम चौधरी और उनके निजी मुंशी सुनील कुमार को 22 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद अनुमंडल कार्यालय में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, हिलसा अनुमंडल कार्यालय में लंबे समय से रिश्वतखोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इसी बीच दिलीप नारायण सिंह नामक व्यक्ति ने 19 जून 2026 को निगरानी थाना, पटना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके वाद संख्या 433 एम/2022 से संबंधित एक सिविल विवाद का मामला हिलसा अनुमंडल कार्यालय में लंबित है। आरोप था कि मामले में अनुकूल निर्णय कराने के नाम पर विधि शाखा के प्रधान सहायक नीलम चौधरी ने रिश्वत की मांग की थी और राशि अपने निजी मुंशी सुनील कुमार के माध्यम से लेने को कहा था। शिकायत मिलने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया। जांच में रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर निगरानी थाना कांड संख्या 78/26 दर्ज किया गया। इसके बाद विजिलेंस की विशेष टीम ने योजनाबद्ध तरीके से धावा दल का गठन कर बुधवार को अनुमंडल कार्यालय में जाल बिछाया।पूर्व निर्धारित योजना के तहत परिवादी ने प्रधान सहायक के निर्देश पर उनके निजी मुंशी सुनील कुमार को 22 हजार रुपये दिए। जैसे ही राशि का लेन–देन हुआ, पहले से मौजूद निगरानी टीम ने दोनों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह भी सामने आया कि इस राशि में 20 हजार रुपये प्रधान सहायक तथा 2 हजार रुपये निजी मुंशी के हिस्से के थे। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अनुसंध. ानकर्ता डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि पूरी कार्रवाई के दौरान बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी की गई थी, जिसमें प्रधान सहायक द्वारा रिश्वत लेने के निर्देश दिए जाने का स्पष्ट प्रमाण मिला। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में निगरानी विभाग के कई निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी भी शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की टीम दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए पटना ले गई। उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एवं अन्य संबंधित ध. ाराओं के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद हिलसा अनुमंडल कार्यालय में अफरा–तफरी का माहौल है। सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की इस कार्रवाई की जिलेभर में व्यापक चर्चा हो रही है।

## जनता दरबार में डीएम ने सुनीं 37 लोगों की समस्याएं अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

### भूमि विवाद, बिजली बिल, नगर पंचायत भुगतान और कृषि फीडर समेत विभिन्न मामलों में हुई सुनवाई

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा की जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने बुधवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 37 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में एक आवेदक ने भाइयों द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की। इस मामले में जिलाधिक. ारी ने अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। एक अन्य आवेदक ने बिजली बिल का भुगतान करने के बावजूद एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जारी नहीं किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर भी संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान का निर्देश दिया गया। नगर पंचायत चंडी क्षेत्र में पेंटिंग का कार्य पूरा होने के बाद भी भुगतान नहीं मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। जनता दरबार में कृषि फीडर के अंतर्गत बोरिंग तक बिजली के खंभों से तार नहीं पहुंचाए जाने,



रैयती भूमि की अवैध कटाई, पानी के रिसाव तथा पुलिया का गलत स्थान पर निर्माण किए जाने से संबंधित शिकायतों की भी सुनवाई की गई। इन मामलों के निष्पादन के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।इसके अलावा गलत तरीके से जमाबंदी कायम करने तथा बिना पर्याप्त साक्ष्य के बिजली चोरी का आरोप लगाने संबंधी शिकायतों पर भी जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में प्राप्त अन्य आवेदनों पर भी जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार. 'वाई करते हुए समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## डीएम के निर्देश पर पावापुरी में जाम नाले की हुई सफाई, जल निकासी हुई सुचारु

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा की जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह के निर्देश पर नगर पंचायत पावापुरी क्षेत्र के दशरथपुर स्थित आदर्श मध्य विद्यालय के समीप जाम पड़े नाले की सफाई कराकर जल निकासी व्यवस्था को सुचारु कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 27 जून 2026 को एक समाचार पत्र में नगर पंचायत पावापुरी के वार्ड संख्या–10 स्थित दशरथपुर में आदर्श मध्य विद्यालय के समीप नाला जाम रहने तथा जल निकासी बाधित होने की समस्या प्रकाशित हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी ने तत्काल कार. 'वाई का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश के बाद नगर पंचायत पावापुरी के कार्यपालक पदाधिकारी ने संबंधित स्थल पर नाले की सफाई कराई। सफाई कार्य पूरा होने के बाद नाले से जल निकासी सामान्य रूप से शुरू हो गई, जिससे स्थानीय लोगों को राहत मिली।जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नाले एवं आसपास के क्षेत्र में चूना और ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव कराया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को भविष्य में नियमित अंतराल पर नालों की सफाई एवं कीटनाशक छिड़काव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त जनशिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# हरनौत बाजार के डीहरीगढ़ के पास घर के बाहर खड़े युवक को तेज रफ्तार ई–रिक्शा ने मारी टक्कर

## इलाज के दौरान युवक की हुई मौत, तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, परिवार में मचा कोहराम



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 37 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा बख्तियारपुर–रजौली फोरलेन पर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 6 स्थित डिहरीगढ़ गांव के समीप हुआ है। घटना के बाद वहां पर सैकड़ो लोगों की भिड़े जमा हो गई। वही मृतक युवक की पहचान डिहरीगढ़ गांव निवासी प्रेम महतो के 37वर्षीय पुत्र नितिश कुमार के रूप में हुई है। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि नितिश कुमार अपने घर के पास खड़े थे, तभी बख्तियारपुर की ओर से हरनौत बाजार की तरफ आ रहा एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ई–रिक्शा उन्हें जा.ेरदार टक्कर मारते हुए निकल गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि नितिश कुमार कई फीट दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें कल्याणबीघा स्थित रेफरल अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नितिश कुमार दो भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे–छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं।

घटना के बाद घर में मातम पसरा हुआ है और परि. जनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है।उधर, हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि हादसे के बाद ई–रिक्शा चालक को पकड़ लिया गया है। चालक हरनौत बाजार के श्रीचंदपुर मोहल्ला का रहने वाला है और प्रारंभिक जांच में उसके नशे की हालत में होने की बात सामने आई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ई–रिक्शा को जब्त कर लिया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि परिजनों से आवेदन मिलने के बाद विधि–सम्मत कार्रवाई की जाएगी। वहीं घटना की खबर सुनते ही नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

# अवैध बालू खनन के दौरान धसान में दबकर किशोर की मौत



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट गिरियक (नालंदा)।** गिरियक थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में बुधवार को अवैध बालू खनन के दौरान मिट्टी व बालू के धसान में दबकर 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक समेत अन्य लोग मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के दरियासराय मुसहरी गांव निवासी मनोज चौधरी के पुत्र रौशन चौधरी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नदी से ट्रैक्टर पर अवैध रूप से बालू लोड किया जा रहा था। इसी दौरान बालू का बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया और रौशन उसकी चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध बालू खनन का कारोबार चल रहा है। बालू लदे ट्रैक्टर ग्रामीण सड़कों से गुजरते हैं, जिससे सड़कें जर्जर हो गई हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। घटना की सूचना पर गिरियक थाना असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर निशांत भूषण ज्ञानेंदु अपने दलबल के साथ एवं डायल 112 की पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला अवैध बालू खनन से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि घटना के समय मौके पर कौन–सा ट्रैक्टर था और उसका मालिक कौन है। परिजन फिलहाल पा.ेस्टमार्टम कराने के पक्ष में नहीं हैं। उन्हें आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के संबंध में समझाया जा रहा है।

# सामूहिक दुष्कर्म मामले का छह घंटे में खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, पीड़िता के छीने गए दो मोबाइल भी बरामद



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट चंडी (नालंदा)।** नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र में महिला के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के महज छह घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। पुलिस के अनुसार, 30 जून 2026 की रात करीब 8 बजे डायल–112 को सूचना मिली कि नगरनौसा थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ चंडी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीबिगहा खंधा में कुछ लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है। सूचना मिलते ही डायल–112 एवं चंडी थाना की संध्या गश्ती टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने पीड़िता और सूचक से पूछताछ कर महिला का बयान दर्ज किया। पीड़िता के बयान के आधार पर चंडी थाना कांड संख्या 426/26 दर्ज किया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 70(1), 303(2), 352 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित एसआईटी ने त्वरित अनुसंधान एवं छापेमारी करते हुए घटना में संलिप्त तीनों आरोपियों को छह घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीबिगहा निवासी विकाश गोप (22 वर्ष), नितिश कुमार (26 वर्ष) तथा शैलेश कुमार (32 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने पीड़िता से छीने गए दो मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में विकाश गोप के विरुद्ध वर्ष 2016 के हत्या मामले सहित अन्य आपराधिक मामले तथा नितिश कुमार के विरुद्ध भी पूर्व से आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई में चंडी अंचल निरीक्षक चंदन कुमार सिंह, थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा, पुलिस अवर निरीक्षक श्वेता कुमारी, प्रिंसदीप कुमार, ललन सिंह, आनंद कुमार, सहायक अवर निरीक्षक छोटेलाल पासवान, डायल–112 के पीटीसी सत्यनारायण दास तथा चंडी थाना एवं डायल–112 के सशस्त्र बलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





अपने क्षेत्र के खबर भेजने या
विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,
9931609015

# त्रैमासिक परीक्षा शुरू, मलमास मेला में उत्कृष्ट सेवा देने वाली छात्राएं हुईं सम्मानित

## आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर में चेतना सत्र के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया गया छात्राओं का उत्साह

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 12वीं की त्रैमासिक परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन विद्यालयों में चेतना सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को अनुशासन, ईमानदारी और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में आरजीएल उच्च विद्यालय, छबीलापुर (बिहारशरीफ) में आयोजित चेतना सत्र के दौरान राजगीर मलमास मेला में श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं असहाय लोगों की सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाली छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि इन छात्राओं ने सेवा, अनुशासन और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। सम्मानित छात्राओं में मुस्कान कुमारी, सानिया कुमारी, रिया कुमारी, सुप्रिया कुमारी, साक्षी कुमारी, बबली कुमारी, अंशु कुमारी, प्रियांशु कुमारी, स्वाति कुमारी, कोमल कुमारी, सलोनी कुमारी, सोनम कुमारी एवं शिवानी कुमारी शामिल हैं। प्रशस्ति पत्र प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य, मेंटोर शिक्षक अजय कुमार, कुंज बिहारी कुंजेश, भारत स्काउट एवं गाइड नालंदा के जिला कोषाध्यक्ष महेश कुमार, समन्वयक सुनील कुमार, जिला प्रशिक्षक शशिपाल कुमार, स्काउट कैप्टन सीमा कुमारी, गाइड कैप्टन हेमा कुमारी तथा स्काउट–गाइड शिक्षक अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से प्रदान किए।इस अवसर पर शंकर कुमार, संजीत कुमार, सुजीत कुमार, सुरजीत कुमार राणा, हिंदी शिक्षक अजय कुमार, रौशन कुमार सिंह, मोहम्मद आफताब आलम, कल्पना, रेखा, शिखा कुमारी, राखी कुमारी, सोनल, साक्षी, सीमा कुमारी, धीरज



कुमार एवं शिशुपाल पांडे सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। चेतना सत्र का संचालन मेंटोर शिक्षक अजय कुमार ने किया। उन्होंने 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (डॉक्टर्स डे) के अवसर पर देश के सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की।अपने संबोधन में प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य ने कहा कि त्रैमासिक परीक्षा विद्यार्थियों के शैक्षणिक मूल्यांकन का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने परीक्षा को पूरी तरह कदाचारमुक्त बनाने के लिए सभी विद्यार्थियों से ईमानदारी के साथ परीक्षा देने की अपील की तथा परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी देते हुए निर्धारित नियमों का पालन करने का निर्देश दिया।



# गिरियक के उर्दू प्राथमिक विद्यालय सतौआ में अनोखी पहल

## 29 दिनों बाद खुले सरकारी स्कूल, तिलक और पुष्पवर्षा से बच्चों का हुआ स्वागत



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट गिरियक(नालंदा)।** भीषण गर्मी के कारण 29 दिनों तक बंद रहने के बाद मंगलवार से नालंदा जिले के सरकारी विद्यालयों में एक बार फिर शैक्षणिक गतिविधियां शुरू हो गईं। लंबे अवकाश के बाद स्कूल खुलने से बच्चों के साथ–साथ शिक्षकों में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यालय परिसरों में फिर से बच्चों की चहल–पहल और पढ़ाई की रौनक लौट आई।गिरियक प्रखंड के उर्दू प्राथमिक विद्यालय, सतौआ में स्कूल खुलने के पहले दिन विद्यार्थियों के स्वागत को लेकर विशेष व्यवस्था की गई थी। विद्यालय पहुंचने वाले बच्चों का शिक्षिकाओं एवं विद्यालय परिवार ने तिलक लगाकर तथा पुष्पवर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। सम्मान के साथ विद्यालय में प्रवेश मिलने पर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और वे पूरे उत्साह के साथ अपनी कक्षाओं में पहुंचे। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनापन और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाना है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने और मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश दिया। विद्यालय खुलते ही कक्षाओं में शिक्षण कार्य भी सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया। लंबे अंतराल के बाद विद्यालय परिसर में बच्चों की आवाजाही, प्रार्थना और पढ़ाई का माहौल लौटने से अभिभावकों और शिक्षकों ने भी संतोष व्यक्त किया।

# रोटरी क्लब नालंदा नए रोटरी वर्ष पर पांच परियोजनाओं का किया शुभारंभ



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** मानव सेवा को समर्पित विश्व की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था रोटरी इंटरनेशनल के नए रोटरी वर्ष 2026–27 का शुभारंभ रोटरी क्लब नालंदा जनकल्याण के संकल्प के साथ बुधवार को नूरसराय प्रखंड के सकरौढ़ा एवं सरवलपुर गांव में नए सत्र की शुरुआत पांच परियोनाओं के साथ किया.जिसमें तालाब का जीर्णोद्धार,वृक्षारोपण, सरकारी विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान तथा मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. स्वास्थ्य जांच शिविर में40 वर्ष से अधिक आयु के ग्रामीणों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, लंबाई एवं वजन की जाँच कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान की गई. इस मौके पर नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रोटरी 3250 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी डॉ अजय कुमार ने कहा कि क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन गगन विरमानी, सचिव रोटेरियन दिग्विजय नारायण सिंह एवं कोषाध्यक्ष रोटेरियन रवि शंकर कुमार के नेतृत्व में नए रोटरी वर्ष का प्रथम दिवस सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बना है. उन्होंने क्लब ने प्रथम दिवस की सभी पाँच परियोजनाओं के परियोजना अध्यक्षों को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, समर्पण एवं सफल आयोजन के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं बधाई दी. तथा सभी रोटेरियन सदस्यों के प्रति भी आभार व्यक्त किया जिनकी सक्रिय भागीदारी और सहयोग से सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोटरी क्लब ऑफ नालंदा के सचिव दिग्विजय नारायण सिंह उर्फ टन्नू सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ नालंदा का संकल्प है कि पूरे रोटरी वर्ष 2026दृ27 में समाज के हर वर्ग तक सेवा पहुँचाते हुए ऐसे कार्य किए जाएँ जो वास्तविक समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाए.संध्या में क्लब द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे का आयोजन कल्याण ज्वेलर्स में कर चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के समाज और राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान का सम्मान किया गया. इस मौके पर रो अर्चना कुमारी,रो० राजा, रो० डॉ० अजय, रो० अर्चना, रो० नीलेश, रो० पंकज, रो० डॉ० अवधेश, रो० संजीत, रो० ओमप्रकाश, रो० रविशंकर, रो० आदित्य, रो० डॉ० अजीत, रो० शशिकांत सहित अन्य सदस्य शामिल थे.

# रोटरी क्लब ऑफ तथागत ने वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जांच व तालाब सफाई कर मनाया रोटरी नववर्ष

## डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य का दिया संदेश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** रोटरी नववर्ष 2026–27 के अवसर पर बुधवार, 1 जुलाई को रोटरी क्लब ऑफ तथागत द्वारा रोटरी स्मृति उद्यान, मुरौरा में सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान वृक्षारोपण, तालाब की सफाई, डॉक्टर्स डे समारोह तथा पब्लिक हेल्थ (पीपीएच) के तहत लोगों की निरूशुल्क शुगर और रक्तचाप (बीपी) की जांच की गई। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष रो. महेश लोहानी ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ तथागत विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी रोटरी इंटरनेशनल के सात प्रमुख सेवा क्षेत्रों में समाज. हित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएगा। क्लब के सचिव रो. डॉ. नीरज कुमार ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर क्लब से जुड़े चिकित्सक सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ सदस्य डॉ. श्याम नारायण प्रसाद ने पर्यावरण संरक्षण, अधिक से अधिक वृक्षारोपण तथा जल संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। स्वस्थ व्यक्ति ही अपने परिवार, समाज और कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकता है।कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. डॉ. इंद्रजीत कुमार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एमडब्ल्यू टीम, मुरौरा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।




इस अवसर पर डॉ. सुनीति सिन्हा, डॉ. अमरदीप नारायण, डॉ. रश्मि नारायण, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. विभाष प्रियदर्शी, डॉ. प्रेरणा, डॉ. दीनानाथ वर्मा, डॉ. संध्या सिन्हा, रो. रश्मि दास, रो. सुनीता रस्तोगी, रो. डॉ. अश्विनी वर्मा, रो. विश्वप्रकाश, रो. परमेश्वर महतो, रो. मधु कंचन, रो. संजीव, रो. दीपक सहित क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर एजी रो. जोसफ टी.टी. ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए नए कार्यकाल के लिए बधाई दी तथा समाजसेवा के कार्यों को और अधिक व्यापक स्तर पर संचालित करने की अपील की।









# 501 कलश के साथ निकली भव्य शोभायात्रा आज से शुरू होगा 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन

## विष्णुधाम नदी से पवित्र जल लेकर बजरंगबली मंदिर पहुंचे श्रद्धालु, 3 जुलाई को होगा महाभंडारा

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट गिरियक(नालंदा)।** गिरियक प्रखंड के रैतर गांव में बुधवार को धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। धार्मिक अनुष्ठान के तहत 501 कलश के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिला–पुरुष, युवतियों और बच्चियों ने उत्सा. हपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालुओं ने गिरियक स्थित विष्णुधाम नदी से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरकर कलश यात्रा निकाली। यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए रैतर गांव स्थित बजरंगबली मंदिर पहुंची, जहां विधि–विधान के साथ कलश की स्थापना की गई। पूरे मार्ग में ष्हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरेष् के जयघोष, भजन और कीर्तन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। धार्मिक अनुष्ठान का संचालन धनंजय पाठक, कमलेश पांडे तथा पुजारी अजय कुमार एवं उनकी पत्नी ममता देवी के सान्निध्य में कराया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार गुरुवार, 2 जुलाई 2026 को सुबह 9 बजे से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ होगा। इसके उपरांत 3 जुलाई को सुबह 10 बजे अखंड हरिकीर्तन की पूर्णाहुति होगी। इसी दिन हवन–पूजन के बाद महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के



गांवों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्था की गई थी। रैतर गांव के समाजसेवी मुनेश्वर प्रसाद, राजेश कुशवाहा, मनोज साव एवं अजीत साव ने महिलाओं और बच्चियों के लिए फल, जलपान, गाजा–बाजा तथा भजन–कीर्तन मंडली की व्यवस्था कराई। वहीं रामानंद सागर ने पेयजल के लिए पानी का टैंकर उपलब्ध कराया, जबकि सागर कुमार ने घोड़े और बैंड–बाजे की व्यवस्था कर शोभायात्रा को और अधिक आकर्षक एवं भव्य स्वरूप प्रदान किया। धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे रैतर गांव में उत्साह, श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाई।




# रोटरी क्लब ऑफ बिहारशरीफ ने रोटरी डे, चिकित्सक दिवस और सीए दिवस पर किया पौधारोपण व सम्मान समारोह




**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** रोटरी वर्ष 2026–27 के प्रथम दिन बुधवार को रोटरी क्लब ऑफ बिहारशरीफ ने रोटरी डे, राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं राष्ट्रीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) दिवस के अवसर पर सेवा, सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बिहारशरीफ के कोसुक स्थित सनबीम सेंट्रल स्कूल परिसर में फलदार पौधों का पौधारोपण कर की गई। इस दौरान नारियल, आम, अमरूद, लीची एवं जामुन सहित कई पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक धीरज कुमार, शिक्षकगण, छात्र–छात्राओं एवं रोटरी क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के निदेशक धीरज कुमार ने रोटरी क्लब की पर्यावरण संरक्षण एवं सामा. जिक सरोकार से जुड़ी इस पहल की सराहना करते हुए नवगठित पदाधिकारियों को नए रोटरी सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण जैसी गतिविधियां पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ समाज में जागरूकता बढ़ाने का भी माध्यम हैं। इसके बाद आयोजित सम्मान समारोह में क्लब से जुड़े चिकित्सकों डॉ. अजय कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार एवं डॉ. अजय कुमार को पौधा एवं स्मृति–चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान रोटरी क्लब ऑफ बिहारशरीफ की अध्यक्ष निरजा कुमारी, सचिव धीरज कुमार, रोटेरियन अनुज राणा, रविचंद, अमित कुमार, अर्चना कुमारी, शोभा कुमारी एवं रश्मि रानी ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक समाज को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जबकि चार्टर्ड अका. उंटेंट देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अहम योगदान देते हैं। ऐसे समर्पित पेशेवरों का सम्मान करना समाज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सार्थक प्रयास है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष निरजा कुमारी, सचिव धीरज कुमार, पूर्व अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार सहित क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब ऑफ बिहारशरीफ ने नए रोटरी वर्ष की शुरुआत सेवा, सम्मान और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ करते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# इनर व्हील क्लब ऑफ बिहार शरीफ ने नए सत्र की शुरुआत सेवा एवं सम्मान के साथ की




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट गिरियक(नालंदा)।** इनर व्हील क्लब ऑफ बिहार शरीफ के नए सत्र का शुभारंभ अध्यक्ष शोभा रानी एवं सचिव उषा प्रियंवदा के नेतृत्व में सेवा कार्यों के साथ किया गया। नए सत्र के प्रथम दिन क्लब द्वारा सनबीम स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। इसके उपरांत डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के अवसर पर शहर के विभिन्न चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को उनके–अपने क्लीनिक/कार्यालय में जाकर भेंट देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष शोभा रानी ने कहा कि इनर व्हील का इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय थीम ष्ळतवू ंदक थ्सवनतपीष है। क्लब पूरे वर्ष इसी थीम के अनुरूप समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण से जुड़े विभि. न्न प्रकल्पों का संचालन करेगा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुनीति सिन्हा, डॉ. रश्मि नारायण, डॉ. प्रीति रंजना, डॉ. आकृति सिन्हा, डॉ. हेना श्मायेम सहित अन्य चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब की आईपीपी रश्मि रानी, पीपी नीरजा कुमारी, पीपी मधु कंचन, पीपी मंजू प्रकाश, पीपी कुमारी रश्मि सहित क्लब की अन्य सदस्याएँ भी उपस्थित रहीं।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# डॉक्टर्स डे पर सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. रामवृक्ष प्रसाद सम्मानित

## चिकित्सकों और शिक्षाविदों ने अंगवस्त्र, स्मृति–चिह्न व पुष्पगुच्छ भेंट कर जताया सम्मान

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट चंडी (नालंदा)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा के सेवानिवृत्त उपाधीक्षक एवं चंडी निवासी 82 वर्षीय डॉ. रामवृक्ष प्रसाद को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने उनके लंबे चिकित्सकीय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मान अर्पित किया। कार्यक्रम में ज्ञानदीप विद्यालय के निदेशक अजय कुमार ने डॉ. रामवृक्ष प्रसाद को उनके नाम की स्मृति–पट्टिका भेंट की। वहीं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन




(आईएमए) से जुड़े डॉ. अभिषेक कुमार और डॉ. राकेश कुमार ने उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं सम्मान–स्वरूप भेंट प्रदान कर अभिनंदन किया।सम्मान समारोह के दौरान डॉ. रामवृक्ष प्रसाद की पत्नी राधा देवी भी उपस्थित रहीं। उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि समाज के प्रति उनका योगदान नई पीढ़ी के चिकित्सकों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# चेरो ओपी पुलिस ने दो फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल, अलग–अलग मामलों में लंबे समय से चल रहे थे फरार

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड अंतर्गत चेरो ओपी थाना पुलिस ने फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। चेरो ओपी प्रभारी रौशन कुमार ने बुधवार को बताया कि थाना क्षेत्र के गोसाई गांव निवासी स्वर्गीय देवशरण राम के पुत्र सती राम तथा नेमचंद बाग निवासी स्वर्गीय संजीवन मांझी के पुत्र सूरज मांझी को गिरफ्तार किया गया है।



उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी अलग–अलग मामलों में न्यायालय से जारी वारंट के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर दोनों को गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि फरार अभियुक्तों और वारंटियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा कानून से बचने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# डॉक्टर्स डे और सीए डे पर लायंस क्लब ऑफ नालंदा ने किया सम्मान समारोह, सेवा कार्यों के साथ नए सत्र का आगाज

## ममता हॉस्पिटल की डॉ. स्नेहा कुमारी और सीए राकेश कुमार हुए सम्मानित, समाज सेवा और जागरूकता का दिया संदेश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** लायंस क्लब ऑफ नालंदा (डिस्ट्रिक्ट 322ई) ने बुधवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (डॉक्टर्स डे) एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) दिवस के अवसर पर सत्र 2026–27 की पहली परियोजना का शुभारंभ सेवा, सम्मान और सामाजिक जागरूकता के संदेश के साथ किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य और वित्तीय क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले दो प्रमुख व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में ममता हॉस्पिटल की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. स्नेहा कुमारी तथा बिहारशरीफ के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट राकेश कुमार को अंगवस्त्र, सम्मान–पत्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने दोनों के समाज के प्रति समर्पण और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब के अध्यक्ष लायन मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि चिकित्सक मानव जीवन की रक्षा कर समाज को स्वस्थ बनाते हैं, जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों वर्गों का सम्मान करना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ नालंदा ने नए सत्र की शुरुआत समाज निर्माण में योगदान देने वाले लोगों के सम्मान से की है, जो क्लब की सेवा भावना को दर्शाता है।



उन्होंने कहा कि क्लब का उद्देश्य केवल सम्मान समारोह आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज में सेवा, ईमानदारी, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। युवा पीढ़ी को ऐसे व्यक्तित्वों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है। क्लब के सचिव लायन डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि स्वस्थ समाज और मजबूत अर्थव्यवस्था किसी भी विकसित राष्ट्र की पहचान होती है। डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट अपने–अपने क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से सेवा देकर देश की प्रगति में अहम योगदान दे रहे हैं। ऐसे लोगों का सम्मान समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करता है। कार्यक्रम में क्लब के कोषाध्यक्ष लायन दिवाकर सिंह सहित लायन प्रमोद कुमार, लायन राजकमल प्रसाद, लायन मुकेश कुमार मेहता, लायन राकेश कुमार बरनवाल, लायन विवेक कुमार बरनवाल, लायन रंगेश कुमार शर्मा, लायन सीए विद्यासागर, लायन मनीष रंजन, लायन सुशील कुमार (बॉबी), लायन राहुल कांत, लायन दीपू, लायन मोहम्मद कायापी सहित क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में लायंस क्लब ऑफ नालंदा ने देशभर के सभी चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं सीए दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही यह संकल्प दोहराया कि क्लब भविष्य में भी समाजहित, सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करता रहेगा।

# उपरौरा गोलीकांड में मुख्य आरोपी ने किया कोर्ट में आत्मसमर्पण, दो पहले ही जा चुके हैं जेल

## सिगरेट और कुरकुरे के पैसे के विवाद में चली थी गोली

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र के उपरौरा गांव में सिगरेट और कुरकुरे के पैसे के विवाद में हुई गोलीबारी के मामले में मुख्य आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। इससे पहले पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 26 जून 2026 को उपरौरा गांव निवासी त्रिभुवन पंडित उर्फ नेपाली को गांव के ही तुफानी पासवान ने सिगरेट और कुरकुरे के पैसे के विवाद में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद बिहार थाना में कांड संख्या 368/26 दर्ज किया गया। प्राथमिकी में तुफानी पासवान, नीतीश पासवान उर्फ गोपी, अजीत पासवान उर्फ कौआ तथा राजकुमार पासवान को नामजद अभियुक्त बनाया गया। घायल त्रिभुवन पंडित को पहले सदर अस्पताल, बिहारशरीफ ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया। इलाज के दौरान 29 जून 2026 को फोर्ड अस्पताल में उनकी मौत हो गई। इसके बाद मामले में हत्या की धारा जोड़कर अनुसंधान आगे बढ़ाया गया।जांच के क्रम में पुलिस ने अजीत कुमार उर्फ कौआ को 28 जून तथा राजकुमार उर्फ कुमार पासवान को 29 जून 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, पुलिस के लगातार दबाव के कारण मुख्य आरोपी तुफानी पासवान ने 1 जुलाई 2026 को संबंधित न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि मामले के शेष दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य है और पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# हरनौत के विभिन्न 18 स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षा शुरू, 6399 छात्र–छात्राएं हैं नामांकित



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड में स्थित विभिन्न18 माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में त्रैमासिक परीक्षा बुधवार से शुरू हुई।इस दौरान हरनौत बाजार में स्थित प्लस टु प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल, प्लस टू हाई स्कूल से लेकर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्ती (दैली),+2 हाई स्कूल गोनावां,+2 हाई स्कूल सरथा सहित विभिन्न स्कूलों में छात्र–छात्राओं की चहल–पहल देखी गई।अन्य सामान्य दिनों की अपेक्षा स्कूल में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति अधिक थी।वहीं प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी(बीईओ) नितेश कुमार रंजन ने बताया कि पहले दिन कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्र–छात्राएं की पहली पाली में मातृभाषा तथा दूसरी पाली में द्वितीय भारतीय भाषा की परीक्षा ली गई।जबकि दूसरे दिन विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान तथा अंतिम दिन गणित और अंग्रेजी की परीक्षा ली जाएगी।बीईओ ने कहा कि उच्च माध्यमिक स्तर पर कक्षा 11वीं एवं 12वीं की त्रैमासिक परीक्षाएं 8 जुलाई तक चलेगी।विभिन्न संकायों (साइंस आर्ट्स और कॉमर्स) के विषयों की जारी कार्यक्रम के अनुसार अलग– अलग तिथियों में दोनों पालियों में आयोजित की जा रही है। शपहले दिन प्रथम पाली में भौतिकी, आंत्रप्रेन्योरशिप एवं दर्शनशास्त्र तथा द्वितीय पाली में रसायन विज्ञान, एकाउंटेंसी एवं राजनीति विज्ञान से शुरू हुई।दो जुलाई को गणित, जीवविज्ञान,बिजनेस स्टडी एवं भूगोल की परिक्षा ली जाएगी।पहली पाली 9:30 से 12:45 बजे तक तथा दुसरी पाली 2:00 से 5:15 बजे तक निर्धारित है। इसमें छात्र–छात्राएं को प्रश्नपत्र पढ़ने और समझने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट का समय भी दिया जा रहा है।परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण पहले ही विद्यालयों को किया जा चुका है और सभी विद्यालयों में परीक्षा अपने–अपने परिसर मेंए शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया जा चुका है।साथ ही परीक्षार्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने,आवश्यक सामग्री साथ रखने तथा अनुशासन का पालन करने का निर्देश दिया गया है। त्रैमासिक परीक्षा को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के मूल्यांकन की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है,जिससे आगे की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी का भी आकलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नौ वीं कक्षा में कुल 1764,10वां 2541 तथा 12वीं में 2094 छात्र–छात्राएं नामांकित है।शिक्षकों को उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर 11 जुलाई तक परिणाम तैयार करना होगा।

# बामोचक गांव से पढ़ने के लिए निकले दसवीं कक्षा के छात्र हुआ लापता, हरनौत थाना में दिया गया गुमशुदगी का आवेदन




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र के बामोचक गांव से एक दसवीं कक्षा के छात्र लापता हो गए हैं। लापता छात्र बामोचक गांव गांव के निवासी प्रमोद कुमार के 14 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार हैं। प्रकाश कुमार के दादा मधुसूदन लाल ने बुधवार को हरनौत थाना में गुमशुदगी का लिखित आवेदन देकर प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। मधुसूदन लाल ने बताया कि बीते 30 जून 2026 की सुबह में अपने गांव बामोचक से पढ़ने के लिए हरनौत बाजार के गोनावा रोड में नियामतपुर मोहल्ले के पास स्थित ळैड स्कूल में जाने के दरमियान वह बीच रास्ते से ही लापता हो गए हैं। लापता होने के बाद स्कूल में एवं आसपास के इलाके समेत परिवार वालों के यहां भी खोजबीन किया गया है उसके बावजूद भी छात्र की पता नहीं चल पा रहा है। परिवार वाले आशंका जताई जा रहे हैं कि प्रकाश कुमार को अपराधीयों ने अपहरण कर लिया है। किसी अनहोनी की आशंका को लेकर पूरा परिवार काफी चिंतित थे। वही प्राप्त आवेदन के अनुसार हरनौत थाना के पुलिस परिवार वालों के सहयोग से लापता बालक की पता लगाने में जुट गए हैं

